किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का सत्याग्रह आंदोलन

- हजारों की संख्या में ट्रैक्टर से पहुंचे किसान
- आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग रहा जाम

नव भारत न्यूज

इंदौर. गुरुवार को कांग्रेस ने सरकार की किसान विरोधी नीति को लेकर एबी रोड पर सत्याग्रह आंदोलन कर चक्काजाम किया. इस दौरान राऊ बायपास पर दोनों ओर कई किलोमीटर तक ट्रकों और भारी वाहनों की लंबी कतारें लग गई. किसानों ने भी बड़ी संख्या ट्रैक्टर लाकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रदर्शन कर रास्ता रोक दिया था.

मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस द्वारा आज प्रदेश के सबसे व्यस्त आगरा मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सत्याग्रह आंदोलन किया. इस दौरान प्रदेश में 13 जगह पर कांग्रेस द्वारा रास्ता रोको अभियान के तहत सड़क पर चक्काजाम किया. इंदौर में राऊ बायपास पर स्थित पिगडंबर चौराहे पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे के नेतृत्व में हजारों किसान और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना दिया. किसानों ने प्रदर्शन कर सरकार को जगाने और मांगे पूरी नहीं होने को लेकर विरोध किया. साथ ही किसानों ने सरकार द्वारा खरीदी में लेटलतीफी करने और उचित मूल्य पर खरीदी नहीं करने का आरोप लगाया. बरसाना की कमी और खाद भी मिलने का भी आरोप लगाया. करीब 4 घंटे तक सत्याग्रह आंदोलन और चक्काजाम प्रदर्शन में हजारों की संख्या में किसान शामिल हुए. इस दौरान किसान बड़ी संख्या में टैक्टर पर सवार होकर सरकार के खिलाफ नारे बाजी करते रहे. साथ ही अलग-अलग गांव के किसान नेता समस्याओं को बताते रहे. सत्याग्रह आंदोलन में केदार सिरोही पूर्व अध्यक्ष किसान कांग्रेस, यदुनंदन पाटीदार, मोतीसिंह पटेल, शक्तिसिंह गोहिल, विजेंद्र सिंह ठाकुर, पवन फौजी, दिनेश सलवाडिया, वैकुठ पटेल, पूनमसिंह पटेल, मृणाल पंत, योगेश यादव, महिला कांग्रेस रीना बोरांसी, जीतू ठाकुर, चिंटू चौकसे, प्रदेश प्रवक्ता राजेश चौकसे, रुक्मणि निनामा, जिला कांग्रेस प्रभारी अजयसिंह रघुवशी, प्रदेश प्रवक्ता अमित चौरसिया, कौमी एकता प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सच सलूजा, नीलेश सेन शैलू, गट्टू यादव, प्रज्ञा फिलिप, गोलू वेद और बड़ी संख्या में किसान, शहर कांग्रेस पदाधिकारी, जिला और शहर के ब्लॉक एवं वार्ड अध्यक्ष सहित बड़ी कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे.

प्रदर्शन के बाद कांग्रेसियों ने की सड़क की सफाई

दोपहर 2 बजे कांग्रेस का राऊ पिगडंबर चौराहा पर सत्याग्रह आंदोलन खत्म होने के बाद कांग्रेस नेताओं ने सड़क की सफाई की. इस दौरान पानी की बोतलें, आइसक्रीम के कप और विभिन्न तरह के कचरे को एकत्र कर थैलियों में जमा किया गया. महिला कांग्रेस अध्यक्ष पार्षद सोनिया मिमरोट भाटिया, राजू भदौरिया और ग्रामीण क्षेत्रों के नेताओं ने निसंकोच झाड़ू लगाई और महिलाओं ने बकायदा कचरा थैलियों में भरा.

भाजपा सरकार के खिलाफ आरोप

स्लॉट बुकिंग में भारी भ्रष्टाचार, गेहूं खरीदी व्यवस्था पूरी खराब, भुगतान समय पर नहीं, किसानों खुले बाजार में 1800-2000 रुपए प्रति क्विंटल में फसल बेचने पर मजबूर और समर्थन मूल्य पर खरीदी सिर्फ घोषणा बनकर रह गई.

किसानों के हित में कांग्रेस की मांगें

गेहूं खरीदी व्यवस्था तत्काल सुधारी जाए, स्लॉट बुकिंग घोटाले की जांच हो, किसानों के नुकसान की भरपाई हो, समर्थन मूल्य पर पूरी खरीदी हो, भुगतान समय सीमा में किया जाए और उपार्जन केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए.

ड्यूटी से लौट रहे युवक की चाकू मारकर हत्या

- मोबाइल लूटकर भागे बदमाश
- भेरूबाबा मंदिर के पास ओटले पर खून से लथपथ मिला शव

नव भारत न्यूज

इंदौर. बेटमा क्षेत्र में कंपनी से ड्यूटी कर लौट रहे युवक की बदमाशों ने चाकू मारकर हत्या कर दी. वारदात के बाद आरोपी युवक का मोबाइल लूटकर फरार हो गए. गंभीर हालत में युवक भेरूबाबा मंदिर के पास ओटले पर मिला, जिसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया.

पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान राहुल पंवार उम्र 28 साल निवासी ग्राम रावत के रूप में हुई है. परिजनों ने पुलिस को बताया कि राहुल सोमवार दोपहर 3 बजे बुलेट मोटरसाइकिल से ड्यूटी पर गया था. उसकी रात 11.30 बजे छुट्टी होती थी और वह रोजाना 12 बजे तक घर लौट आता था, लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचने पर परिजन चिंतित हो गए. भाई रवि पंवार उसे तलाशते हुए सागौर कुटी रोड होते हुए सिंधीपुरा पहुंचा, जहां भीड़ लगी थी. वहां राहुल मंदिर के ओटले पर खून से लथपथ पड़ा मिला. वह उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया.

नाले की ओर से खून से लथपथ भागते आया था राहुल

प्रत्यक्षदर्शी जादू सिंह ने पुलिस को बताया कि राहुल नाले की तरफ से खून से लथपथ घायल हालत में भागते हुए आया था. उसने लोगों से पानी मांगा और बताया कि भेरूबाबा मंदिर के पास कुछ बदमाशों ने उस पर चाकू से हमला कर मोबाइल लूट लिया. पुलिस जांच में राहुल की पीठ और दाहिने हाथ पर धारदार हथियार के गहरे घाव मिले हैं. घटनास्थल के पास उसकी बुलेट बाइक भी खड़ी मिली. थाना प्रभारी मीना कर्णावत ने बताया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या और लूट का मामला दर्ज कर लिया है, आरोपियों की तलाश में आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं.

एक नजर में

पिगडंबर में भी हाईवे पर थमे वाहनों के पहिए

महू. समर्थन मूल्य, फसलों के उचित दाम, किसान विरोधी नीतियों और किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गुरुवार सुबह प्रदेशव्यापी चक्काजाम आंदोलन के तहत पिगडंबर में भी आगरा-मुंबई हाइवे पर चक्काजाम किया गया. आंदोलन के चलते हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं. यात्री बसें, ट्रक, निजी वाहन तो जाम में फंसे ही, खरगोन से इंदौर आ रही एक बारात भी जाम में अटक गई. वहीं, जाम की वजह से एंबुलेंस को भी निकलने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा. हालांकि पुलिस प्रशासन की सूझबूझ के चलते प्रदर्शन काबू में रहा. इंदौर जिला कांग्रेसाध्यक्ष विपिन वानखेड़े एवं मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्षा रीना बोरासी सेतिया के नेतृत्व में महू विधानसभा प्रभारी दीपक सिंह दंडीर के निर्देशन में हुए इस प्रदर्शन में इंदौर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष जीतू ठाकुर, महू शहर कांग्रेस महामंत्री अमित अग्रवाल, महिला कांग्रेस नेत्री शिखा अमित अग्रवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं महिला शक्तियों ने ट्रैक्टर पर सवार होकर हिस्सा लिया. जिसमें प्रमुख रूप से महू आईटी सेल विधानसभा अध्यक्ष विकास यादव, आमिर खान, अल अमन खान, विकी मल्होत्रा, गौरव शर्मा, अरशद खान, खालिक भाई, फैजान, अजय, विजय, अश्विन, शमा खान, सुशीला, गायत्री, सुमित्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने भाग लिया.

निजी वीडियो वायरल कर युवती को किया बदनाम

इंदौर. देपालपुर थाना क्षेत्र में पूर्व प्रेम संबंधों के दौरान बनाए गए निजी वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर युवती को बदनाम करने का मामला सामने आया है. पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है. 22 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने ग्राम नौगांव सर्फ निवासी चेतन पंवार पिता कमल पंवार के खिलाफ केस दर्ज किया है. पीड़िता ने बताया कि करीब दो साल पहले उसके आरोपी के साथ प्रेम संबंध थे. इसी दौरान आरोपी ने उनके निजी पलों का वीडियो बनाया था. पीड़िता के मुताबिक संबंध टूटने के बाद आरोपी उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा. बदनाम करने की नीयत से उसने उक्त निजी वीडियो को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल कर दिया. घटना की जानकारी मिलने पर पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं.

शादी में काम करने की बात पर युवक की पिटाई

इंदौर. देपालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गोकलपुर में शादी में काम करने की बात को लेकर एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है. आरोपी ने रास्ते में रोककर डंडों से हमला कर युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया. फरियादी आशीष सेन पिता बाबूलाल सेन निवासी गोकलपुर ने बताया कि करीब 5-6 दिन पहले उसने गांव के मुन्नालाल जाट के यहां आयोजित शादी समारोह में काम किया था. इस बात से गांव का ही आरोपी विनोद पिता वासुदेव नाराज हो गया, जो खुद लंबे समय से वहां शादियों में काम करता आ रहा है. आरोप है कि इसी बात को लेकर विनोद ने रास्ते में आशीष को रोका और गाली गलौज करने लगा. उसने कहा कि वहां काम करने का हक सिर्फ उसी का है. विवाद बढ़ने पर आरोपी ने पास में रखा डंडा उठाकर आशीष पर हमला कर दिया और तब तक पीटता रहा, जब तक वह निढाल नहीं हो गया. हमले में आशीष के बाएं हाथ, पीठ, पैर और पुट्ठे पर गंभीर चोटें आई हैं. मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया. घायल युवक ने देपालपुर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

नवागत डीसीपी अमन सिंह राठौड़ ने संभाला जोन 2 का कार्यभार

इंदौर. जोन 2 के नवागत पुलिस उपायुक्त अमन सिंह राठौड़ ने बुधवार को विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया. पदभार संभालने के बाद उन्होंने कार्यालयीन अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया.

डीसीपी राठौड़ ने कहा कि पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए अपराधों की रोकथाम, यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन और जनसुनवाई व शिकायतों के तुरंत निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा. उन्होंने पुलिस व्यवस्था को अधिक संवेदनशील, जवाबदेह और जनहितैषी बनाने की बात कही. उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को टीम भावना के साथ कार्य करने तथा जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए समर्पित भाव से दायित्व निभाने के निर्देश भी दिए. इस दौरान पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे.

जैन मंदिर में चोरी का खुलासा : एक हिरासत में, अन्य फरार

- फिंगर प्रिंट के जरिये आरोपी तक पहुंची पुलिस
- मूर्तियां अब भी नहीं हुईं बरामद

नव भारत न्यूज

इंदौर. ग्रेटर बाबा जैन मंदिर में हुई चोरी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. एफएसएल जांच में मिले फिंगरप्रिंट के आधार पर एक आरोपी को हिरासत में लिया है, जबकि उसके साथी चोरी का माल लेकर महाराष्ट्र भाग गए. पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है.

एरोड्रम थाना क्षेत्र के मंदिर में हुई वारदात के बाद जोन-1 की विशेष टीम ने जांच शुरू की थी. मौके से जुटाए गए फिंगरप्रिंट का मिलान करने पर आरोपी लखन की पहचान हुई, जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. बताया जा रहा है कि आरोपी पहले भी चोरी के मामलों में शामिल रहा है. जांच में सामने आया है कि आरोपी लखन और उसके साथी बलराम से पूछताछ की जा रही है, जबकि गिरोह के अन्य सदस्य दीपक चौहान और गोलू चोरी का सामान लेकर महाराष्ट्र भाग गए हैं. पुलिस ने उनकी लोकेशन ट्रेस कर ली है और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं.

थाना प्रभारी वेदेन्द्र सिंह कुशवाह ने बताया कि वारदात को अंजाम देने के लिए आरोपियों ने अपने साथियों को महाराष्ट्र से बुलाया था. चोरी के बाद वे मंदिर से मूर्तियां और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए थे, अब तक चोरी गया माल बरामद नहीं हो सका है. जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी लखन के खिलाफ तेजाजी नगर थाने में पहले से केस दर्ज है. उस पर दूसरे राज्यों में अपराध दर्ज हैं.

25 लाख की एक अन्य चोरी में भी इसी गिरोह पर आशंका

पुलिस को शक है कि यही गिरोह 25 लाख रुपए की एक अन्य चोरी में भी शामिल हो सकता है. पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज से स्पष्ट पहचान नहीं हो पाई थी, लेकिन फिंगरप्रिंट जांच के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने में सफलता मिली है. सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पूरे गिरोह का खुलासा किया जाएगा.

बच्ची से अश्लील हरकत करने के आरोपी को 5 साल की सजा

- पॉक्सो कोर्ट का फैसला, 5 हजार का जुर्माना भी लगाया

नव भारत न्यूज

इंदौर. चंदन नगर क्षेत्र में 7 वर्षीय बालिका से गलत हरकत के मामले में विशेष पॉक्सो न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 5 वर्ष के कारावास और 5 हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया है. घटना 2024 की है, जिसमें बच्ची गार्डन में खेल रही थी, तभी आरोपी ने उसे गोद में उठाकर गलत हरकत की थी.

अभियोजन के अनुसार विशेष न्यायालय की न्यायाधीश नौशीन खान ने प्रकरण में सुनवाई करते हुए आरोपी त्रिभूवन उर्फ भानू उम्र 49 साल निवासी अंबेडकर नगर (उ.प्र.) को पॉक्सो अधिनियम की धारा के तहत दोषी पाते हुए सजा सुनाई. मामले में फरियादी (पीड़िता की मां) ने कोर्ट को बताया था कि 15 अप्रैल 2024 को उसकी 7 वर्षीय बेटी घर के पीछे गार्डन में खेल रही थी. काफी देर तक वापस नहीं आने पर वह उसे बुलाने गई, जहां उसने देखा कि आरोपी बच्ची को गोद में लेकर उसके साथ गलत हरकत कर रहा है. विरोध करने पर आरोपी ने बहाने बनाकर खुद को बचाने की कोशिश की, लेकिन महिला ने बच्ची को छुड़ाया और शोर मचाया. इसके बाद परिजनों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया. जांच के दौरान बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया गया और अन्य साक्ष्य जुटाए गए. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर चार्जशीट पेश की थी. अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक लतिका आर जमरा ने पैरवी करते हुए 16 गवाहों के बयान न्यायालय में प्रस्तुत किए, जिसके आधार पर कोर्ट ने आरोपी को दोषी मानते हुए सजा सुनाई.

दो निगरानीशुदा नकबजन गिरफ्तार, व्यास नगर की 70 हजार की चोरी कबूली

इंदौर. चंदन नगर पुलिस ने सूने मकानों में चोरी करने वाले दो निगरानीशुदा बदमाशों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों ने चोरी की रकम से नया मोबाइल खरीदा और नशे में पैसा उड़ा दिया. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नकदी व मोबाइल जब्त किया है.

फरियादी पुष्पेंद्र पाल निवासी व्यास नगर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 4 मई की रात अज्ञात बदमाशों ने उनके घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखे 70 हजार रुपए चोरी कर लिए. मामले में थाना प्रभारी तिलक करोले के नेतृत्व में टीम गठित कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए. फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी प्रभाकर उर्फ प्रभु निवासी डायमंड पैलेस और पुष्पेंद्र उर्फ गोलू निवासी सिरपुर कांकड़ को हिरासत में लेकर पूछताछ की.

दोनों आरोपी आदतन अपराधी, कई प्रकरण हैं दर्ज

पूछताछ में दोनों ने चोरी करना कबूल कर लिया. आरोपियों ने बताया कि चोरी के 70 हजार रुपए में से 13 हजार रुपए का नया रेडमी मोबाइल खरीदा और करीब 15 हजार रुपये नशे व खान पान में खर्च कर दिए. पुलिस ने उनके पास से 39 हजार रुपए नकद और चोरी के पैसों से खरीदा मोबाइल जब्त कर लिया. जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं. आरोपी पुष्पेंद्र पर डकैती की योजना, गृहभेदन और मारपीट समेत 22 अपराध दर्ज हैं, जबकि प्रभाकर के खिलाफ भी 6 मामले न्यायालय में विचाराधीन हैं. पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है.

एक नजर में — बुनियादी ढांचे के निर्माण में खामियां और भ्रष्टाचार शहर के सामने बड़ी चुनौतियां

हाल ही में बनी सड़क और सीवरेज लाइन की गुणवत्ता सवालों के घेरे में

इंदौर. शहर में विकास कार्यों की गुणवत्ता और समय से पहले उनके क्षतिग्रस्त होने की चिंताएं जमीनी हकीकत के करीब हैं. हालांकि, इंदौर लगातार स्वच्छता सर्वेक्षण में शीर्ष पर रहा है, लेकिन तीव्र शहरीकरण और बुनियादी ढांचे के निर्माण में खामियां खासकर, भ्रष्टाचार शहर के सामने बड़ी चुनौतियां हैं.

हाल ही में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के 5 इंजीनियरों पर घूसखोरी के मामले में लोकायुक्त की कार्रवाई हुई है, जो निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार की ओर इशारा करती है. इंदौर नगर निगम के अंतर्गत फर्जी बिलों के माध्यम से करोड़ों रुपये के घोटाले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है, जिसमें ठेकेदारों और अधिकारियों की मिलीभगत सामने आई है. बुनियादी ढांचे के निर्माण में खामियां और भ्रष्टाचार का उदाहरण वार्ड 46 स्थित सोमनाथ की जूनी चाल, राम मंदिर वाली गली में बनाई गई पक्की सड़क और सीवरेज लाइन है. कुछ समय पहले ही यह निर्माण कराया गया है, लेकिन कार्य की गुणवत्ता अब सवालों के घेरे में नजर आ रही है. क्षेत्र में लगाए गए सीवरेज चैंबरों के ढक्कन शुरुआती समय में ही धंसने लगे हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है. निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया. करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद विकास कार्य टिकाऊ साबित नहीं हो रहा. वहीं निगम कर्मियों की लापरवाही भी सामने आई है. क्षेत्र के कई चैंबर गंदगी से भरे पड़े हैं, जिनकी नियमित सफाई नहीं होने से क्षेत्र में बदबू और संक्रमण का खतरा बना हुआ है. रहवासी मजबूरी में निजी खर्च पर चैंबर साफ करवाने को विवश हैं. लोगों ने नगर निगम प्रशासन से निर्माण कार्य की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है.

यह बोले रहवासी...

कुछ ही समय पहले यहां सड़क का निर्माण किया गया, लेकिन अभी से चैंबरों के ढक्कन अंदर धंसने लगे हैं. चेंबर को सही नहीं बनाया गया, जिसकी वजह से सफाई भी नहीं हो पाती.
– किशनलाल कुशवाहा

चेंबर के ढक्कन अभी से क्षतिग्रस्त हो रहे हैं. आते-जाते बच्चे गिरते हैं. चेंबर की सफाई के लिए एक महीने में पांच बार शिकायत की, लेकिन कोई भी सुनवाई करने को तैयार नहीं.
– सरोज कुशवाहा

तीन महीने पहले पैसे देकर चेंबर साफ करवाया था. हमारे अलावा दूसरे लोग भी यही करते हैं, क्योंकि चेंबर साफ करने के लिए झोन पर कंप्लेंट करो तब भी कोई नहीं आता.
– सीमा कुमरे

आठ दिन के अंदर चैंबरों की मरम्मत कराई जाएगी
इस संदर्भ में ठेकेदार से चर्चा हो चुकी है. अगले आठ दिनों के अंदर ही क्षतिग्रस्त सभी चैंबरों की मरम्मत की जाएगी एवं ढक्कन बदल दिए जाएंगे. इस दौरान अन्य समस्याओं का भी निराकरण किया जाएगा. – सैफु कुशवाह, पार्षद